# 6 चौहान राजवंश

1. निम्नलिखित में से (अलाउद्दीन खिलजी के समय शासक-स्थान) सुमेलित नहीं है–
(1) सिवाना– शीतलदेव (2) रणथम्भौर– हम्मीरदेव चौहान
(3) चित्तौड़गढ़– रावल रत्तनसिंह (4) जोधपुर– कान्हड़देव

2. निम्न में से किस लेख में बूँदी का नाम 'वृन्दावती' मिलता है?
(1) आमेर लेख (2) मानमोरी लेख
(3) बिजौलिया लेख (4) रणकपुर लेख

3. झाला जालिम सिंह के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है।
(1) यह कोटा राज्य का शासक था।
(2) यह कोटा का फौजदार, महान कूटनीतिज्ञ एवं राजनेता था।
(3) इन्होंने पिंडारियों के साथ मित्रतापूर्वक संबंध स्थापित किए।
(4) कोटा राज्य का शासन पूर्णत: इनमें निहित था।

4. अलाउद्दीन खिलजी की निम्नांकित विजयों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये–
A. रणथम्भौर B. जालौर
C. चित्तौड़ D. सिवाना
(1) A,C,D,B (2) A,B,C,D
(3) A,B,D,C (4) A,C,B,D

5. निम्न में से कौनसा चौहान शासक 'चौहानों में पितृहंता' कहलाता है?
(1) सोमेश्वर (2) अपरगांगेय
(3) विग्रहराज चतुर्थ (4) जग्गदेव

6. विग्रहराज चतुर्थ के दरबारी विद्वान सोमदेव द्वारा रचित नाटक का नाम है–
(1) ललित विग्रहराज (2) हरिकेली
(3) बीसलदेव रासो (4) पृथ्वीराज विजय

7. पृथ्वीराज तृतीय के घोड़े का नाम था?
(1) शक्ति (2) नाट्य रंभा
(3) विराट (4) पिथोरा

8. चौहान वंश के संस्थापक सहसमल की राजधानी क्या थी?
(1) चन्द्रावती (2) सिरोही
(3) अचलगढ़ (4) शिवगंज

9. चौहानों का मूल स्थान माना जाता है –
(1) अजमेर (2) नागौर
(3) सपादलक्ष (4) बिजौलिया

10. चौहानों की जालौर शाखा के संस्थापक कौन थे ?
(1) धर्मपाल (2) विजयराज
(3) कीर्तिपाल (4) देवराज

11. अजमेर में बिठली पहाड़ी पर चौहान शासक अजयराज ने किस वर्ष एक किले का निर्माण करवाया?
(1) 1103 ई. (2) 1113 ई.
(3) 1115 ई. (4) 1133 ई.

12. बूंदी में चौहान वंश के शासन की स्थापना करने वाला शासक था?
(1) देवीसिंह हाड़ा (2) राव शत्रुसाल हाड़ा
(3) राव सुर्जन हाड़ा (4) राव बुद्धसिंह हाड़ा

13. सिरोही के किस चौहान शासक ने खानवा युद्ध में महाराणा सांगा का साथ दिया–
(1) जगमाल (2) सुल्तान देवड़ा
(3) अखैराज देवड़ा (4) तेजसिंह

14. पृथ्वीराज तृतीय ने महोबा के शासक परमार्दिदेव को 1182 ई. में कौनसे युद्ध में पराजित किया था?
(1) गुड़गाँव का युद्ध (2) नाडौ़ल का युद्ध
(3) तुमुल का युद्ध (4) तराईन का युद्ध

15. बिजौलिया शिलालेख के अनुसार सांभर झील का निर्माण किस चौहान शासक ने करवाया था?
(1) गुवक प्रथम (2) दुर्लभराज प्रथम
(3) अजयराज (4) वासुदेव चौहान

16. पृथ्वीराज तृतीय और मोहम्मद गौरी के मध्य कितने युद्ध लड़े गए थे?
(1) 2 (2) 4 (3) 1 (4) 3

17. गोविन्दराज ने रणथम्भौर में चौहान वंश की स्थापना कब की थी?
(1) 1191 ई. (2) 1184 ई.
(3) 1196 ई. (4) 1194 ई.

18. रणथम्भौर के हम्मीर के विरूद्ध 1299 ई. के आक्रमण में किस मुस्लिम सेनापति ने खिलजी सेना का नेतृत्व किया था?
(1) उलुग खाँ (2) खिज्र खाँ
(3) कामरू (4) नुसरत खाँ

19. 'मैं ऐसे कई दुर्ग मुसलमान के सिर के एक बाल के बदले वार दूँ' यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?
(1) अलाउद्दीन खिलजी (2) जलालुद्दीन खिलजी
(3) अकबर (4) खिज्र खाँ

20. हम्मीर देव चौहान ने अपने जीवन में कुल कितने युद्ध लड़े थे?
(1) 16 (2) 15
(3) 17 (4) 12

21. कर्नल जेम्स टॉड ने चौहानों को माना है?
(1) ब्राह्मण (2) चंद्रवंशी
(3) विदेशी (4) सूर्यवंशी

22. निम्नलिखित में से कौनसा साका राजस्थान का प्रथम साका माना जाता है?
(1) रणथम्भौर का साका (2) चित्तौड़ का साका
(3) सिवाणा का साका (4) जालौर का साका

23. देवघोष और धर्मघोष किस शासक के दरबार में 'प्रकाण्ड' विद्वान थे?
(1) सोमेश्वर (2) पृथ्वीराज
(3) अजयराज (4) अर्णोराज

24. वह चौहान शासक जिसने मालवा के परमार शासक नरवर्मन को हराया और अपने राज्य की सीमा का विस्तार मालवा तक कर लिया ?
(1) पृथ्वीराज द्वितीय (2) अजयराज
(3) आनाजी (4) वासुदेव

25. निम्न में से हर्षनाथ शिलालेख (973 ई.) में किस चौहान शासक के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है?
(1) विग्रहराज द्वितीय (2) पृथ्वीराज प्रथम
(3) परमालदेव (4) चंद्रबरदाई

26. 1301 ई. को रणथम्भौर युद्ध में हम्मीर द्वारा हार जाने का प्रमुख कारण किसका विश्वासघात था?
(1) मोहम्मद शाह व केहबू (2) अबुल हसन
(3) रणमल व रतिपाल (4) भावला पंवार

27. निम्न में से कोटा के किस चौहान शासक के शासनकाल में 'भटवाड़ा का युद्ध' हुआ?
(1) बुद्धसिंह (2) अनिरूद्ध हाड़ा
(3) उम्मेदसिंह (4) शत्रुशाल

28. रणथम्भौर में स्थित 32 खम्भों की छतरी जिसे 'न्याय की छतरी/जैत्रसिंह की छतरी' कहा जाता है। इस छतरी का निर्माण किस शासक ने करवाया?
(1) हम्मीर देव (2) जैत्रसिंह
(3) कान्हड़देव (4) सामन्तसिंह


29. 'नेह तरंग' नामक पुस्तक की रचना किसके द्वारा की गई थी?
(1) बुद्धसिंह (2) राव बहादुर सिंह
(3) रामसिंह (4) राव अजीत सिंह

30. निम्न में से किस शासक ने 'परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर' की उपाधि ग्रहण की थी?
(1) अजयराज (2) पृथ्वीराज प्रथम
(3) सोमेश्वर (4) दुर्लभराज प्रथम

Lead, Read and Achieve
DP Dhindhwal Publication

# अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




- Dhindhwal Publication
- धींधवाल पब्लिकेशन
- Dhindhwal Classes
- @Publication-DP
- Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।